भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
( ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in )

फा.सं. : 12-4/राजभाषा 1(4)/दुग्ध गंगा-13वां अंक/2023 दिनांक : 20.11.2023

**परिपत्र (Circular)**

**विषय (Sub) : संस्थान की राजभाषा पत्रिका "दुग्ध गंगा(2023)" के 13वें अंक के संस्करण 2 में प्रकाशन हेतु लोकप्रिय हिन्दी आलेखों/शोध-पत्रों/रचनाओं आदि का आमंत्रण (अंतिम तिथि : 31.01.2024)**

संस्थान की राजभाषा गृह पत्रिका "दुग्ध गंगा(2023)" के 13वें अंक के संस्करण 2 में प्रकाशन हेतु संस्थान के सभी प्रभागों, अनुभागों, क्षेत्रीय केन्द्रों के वैज्ञानिकों, तकनीशियनों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों आदि से निम्नलिखित दिशानिर्देशों के मद्येनजर लोकप्रिय हिन्दी आलेख, "शोध-पत्र, हिन्दी रचना आदि दिनांक **31.01.2024** तक निर्धारित प्रपत्र( संलग्न) पर आमंत्रित किए जाते है। दिनांक 31.01.2024 के पश्चात प्राप्त कोई भी आवेदन स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे।

1. संस्थान के सभी प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्ष अपने अधीनस्थ वैज्ञानिकों/तकनीशियन/अन्य कर्मचारी से स्तरीय लोकप्रिय हिन्दी आलेख/"शोध पत्र/रचनाएं आदि की हार्ड कॉपी प्राप्त कर उन्हें राजभाषा एकक को अग्रेषित (Forward) करने के साथ-साथ उसे राजभाषा एकक की ईमेल आईडी **hindicell.ndri@gmail.com** पर एम.एस. वर्ड फाइल में भी भिजवायें।
2. पूर्व के अंकों में प्रकाशित आलेखों को तोड़-मोड़ कर प्रस्तुत किए गए आलेखों को स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा आलेख प्रस्तुतकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा प्रस्तुत रचनाओं/फोटोग्राफ में किसी भी प्रकार से कॉपीराइट अथवा अन्य नियमों/विनियमों का उल्लंघन न होने पाए। उल्लंघन पाए जाने की स्थिति में स्वयं मूल लेखक एवं सह-लेखक समान रूप से जवाबदेह होंगे।
3. मूल लेखक आलेख के साथ फोटो प्रकाशित करने की स्थिति में **फोटोज को जेपीजी फाइल** में राजभाषा एकक को उपलब्ध करायेंगे। यदि प्रस्तुत फोटो साफ एवं प्रकाशन के लायक नहीं होगी तो उसे आलेख के साथ प्रकाशित नहीं किया जाएगा।
4. संबंधित प्रभारी पी.एच.डी. अध्ययनार्थियों के उल्लेखनीय हिन्दी सारांश(एब्स्ट्रेक्ट) पत्रिका में राजभाषा एकक से वेटिंग के उपरान्त शामिल करा सकते हैं।
5. तकनीकी संपादन समिति के द्वारा प्रविष्टियों की समीक्षा के उपरान्त आपत्तिजनक/अव्यहार्य कंटेंट को हटाने पर विचार किया जा सकेगा।
6. संबंधित प्रभारी अपने कार्यक्षेत्र/शोध आदि से संबंधित प्रश्नोत्तर (FAQ) भी प्रकाशनार्थ भेज सकते हैं, जिससे पाठक, किसान एवं जनसामान्य इससे अधिकाधिक लाभान्वित हो सकें।
7. संपादक मंडली को समय पर प्राप्त न हुई, अधूरी, अस्पष्ट एवं असंगत रचनाओं को अस्वीकार करने का अधिकार होगा।
8. पर्याप्त आंकड़ें/ग्राफ/डेटा एनालिसिस/संदर्भो वाली रचनाओं को प्रकाशनार्थ प्राथमिकता दी जाएगी।
9. एक लेखक अधिक से अधिक दो लेख ही प्रेषित कर सकते हैं।

**संलग्नक : निर्धारित प्रपत्र**

धीरज शर्मा
**प्रभारी, राजभाषा एकक**

**वितरण : (सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।)**

1.सभी प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी, राडेअनुसं, करनाल।

2. अध्यक्ष, दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र, बेंगलूरू तथा पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, कल्याणी, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल।

3. प्रभारी, कंप्यूटर केन्द्र, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड तथा संस्थान की वेबसाइट पर अपलोडिंग हेतु।

# भाकृअनुप–राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल (ICAR-National Dairy Research Institute, Karnal)

"दुग्ध गंगा" पत्रिका में प्रकाशनार्थ प्रविष्टि प्रस्तुत करने का फॉर्म (Form for submitting Entry for publication in "Dugdh Ganga" Magazine)
इस आवेदन फार्म के बिना कोई भी प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी (No entry will be accepted without this application form)

प्रथम लेखक इस फॉर्म के साथ प्रकाशनार्थ प्रस्तुत प्रविष्टि की हार्ड कॉपी के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर कर उसे अपने संबंधित प्रभारी के माध्यम से राजभाषा एकक को प्रेषित करेंगे
The first author will submit the hard copy of the entry with this form duly signed all the pages and will forward through their Incharge

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक (प्रथम लेखक) का नाम हिन्दी में<br>Name of the applicant (first Author) in English | |
| 2 | पदनाम Designation | |
| 3 | कार्यालय का नाम Name of the Office | |
| 4 | प्रभाग/अनुभाग का नाम Name of the Division/Section | |
| 5 | मोबाइल नंबर Mobile No. | |
| 6 | लैंडलाइन नंबर एवं एसटीडी कोड(यदि हों तो)<br>Landline Number with STD Code | |
| 7 | प्रथम लेखक का ईमेल आईडी (स्पष्ट लिखें)<br>Email id of the First Author | |
| 8 | प्रकाशन के लिए प्रस्तुत प्रविष्टि का शीर्षक<br>Title of the entry submitted for publication | |
| 9 | प्रस्तुत प्रविष्टि का प्रकार(एकल है या संयुक्त)<br>Type of entry submitted (Single or Joint entry) | |
| 10 | यदि संयुक्त प्रविष्टि है तो क्या सह–लेखकों का नाम प्रविष्टि में शामिल करने से पूर्व उनसे/उनके प्रभारी/प्रभागाध्यक्ष/गाइड या संबंधित प्राधिकारी से सहमति ले ली गई है, यदि हाँ तो सह–लेखकों के योगदान की पुष्टि एवं सहमति के लिए उनके हस्ताक्षर के साथ निम्न ब्योरा दें :<br>If there is a joint entry, whether the consent of the co-authors has been obtained from him/her/their in-charge/head of the division/guide or the concerned authority before including their name, if yes, furnish the following information along with their signatures for confirmation and consent of the co-authors. | |

| सह–लेखकों के नाम<br>Name of the Co-Authors | कर्मचारी/ छात्र या अन्य<br>Whether Employee/ Student or others | मोबाइल नं.<br>Mobile No. | ईमेल आईडी<br>Email id | सहलेखक के हस्ताक्षर<br>Signature of the Co-Author |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

## प्रमाण–पत्र (Certificate)

यह प्रमाणित किया जाता है कि–

1. प्रस्तुत प्रविष्टि मेरे द्वारा मूल रूप से एकल रूप में/सह–लेखकों के साथ संयुक्त रूप में लिखी गई है। (जो लागू नहीं है उसे काट दें)
2. प्रस्तुत प्रविष्टि मौलिक है व इसे कहीं से कट, कॉपी, पेस्ट, उद्धृत या अनुवाद कर प्रयोग नहीं किया गया है। प्रविष्टि में यदि किसी जानकारी/फोटो/ग्राफ आदि को किसी संदर्भ से लिया गया है तो रचना के अंत में संदर्भ को दर्शाया गया है।
3. यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत प्रविष्टि की मौलिकता आदि के संबंध में कोई विवाद होता है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूँगा। रचना संबंधी किसी भी विवाद के लिए प्रकाशन कार्यालय या संपादन समिति की जिम्मेदारी नहीं होगी।
4. मैं प्रविष्टि से संबंधित ग्राफ, फोटो की सॉफ्ट कॉपी भी जमा करा रहा/रही हूँ। मुझे यह ज्ञात है कि यदि मेरे द्वारा दिए गए ग्राफ, फोटो आदि की सॉफ्ट कॉपी की गुणवत्ता अच्छी नहीं पाई जाती है तो तकनीकी संपादन समिति को उसे प्रकाशित नहीं करने का अधिकार रहेगा।
5. मैंने रचना प्रस्तुत करने के दिशानिर्देशों/शर्तों को भलीभाँति समझ लिया है।
6. मैं अपनी प्रविष्टि की हार्ड कॉपी को अपने प्रभागाध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी/कार्यालय प्रधान के माध्यम से राजभाषा एकक को भेजने के साथ सॉफ्ट कॉपी को ईमेल आईडी **hindicell.ndri@gmail.com** पर भी भेज रहा/रही हूँ।
7. यह आलेख कहीं अन्यत्र किसी पत्रिका आदि में प्रकाशित नहीं कराया है तथा प्रस्तुत प्रविष्टि एक मौलिक रचना है।

<u>अग्रेषित द्वारा (Forwarded by)</u>

हस्ताक्षर (Signatures) ...................................

नाम व पद Name & Designation : ...........................

प्रभारी (Incharge)
(Signatures of Incharge With Rubber Stamp)